आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

निर्वाचन आयोग ने आज एक बड़ा फैसला लेते हुए छह राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश जारी किया है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, उत्तराखण्ड, झारखण्ड और हिमाचल प्रदेश शामिल है। इसके आलावा चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को भी हटाने का आदेश दिया है। यह फैसला मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखबीर सिंह सन्धू की बैठक में लिया गया।

****

रामपुर जिले की एमपी–एमएलए कोर्ट ने आज पूर्व मंत्री आजम खान को डूंगरपुर मामले में सात साल कैद की सजा सुनायी है। इसके साथ ही उन पर पांच लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आजम खान के साथ ही कोर्ट ने रामपुर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर अहमद और पूर्व क्षेत्राधिकारी आले हसन समेत चार लोगों को भी सजा सुनायी है। इन सभी लोगों पर रामपुर की डूंगरपुर बस्ती में एक जमीन पर कब्जा करने की नीयत से घर में घुस कर मारपीट, तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा था।

****

लोकसभा चुनाव के लिये बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश के चार संसदीय सीटों के लिये प्रत्याशियों की घोषणा की है। पार्टी ने कानपुर लोकसभा सीट से कुलदीप भदौरिया, अकबरपुर से राजेश द्विवेदी, बागपत से प्रवीण बैंसला और मेरठ लोकसभा सीट से देवव्रत त्यागी को प्रत्याशी बनाया है।

****

आजमगढ़ जिले की लालगंज संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी की सांसद संगीता आजाद आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। संगीता आजाद के साथ उनके पति पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा निर्भया और हाथरस प्रकरण से चर्चा में आईं सीमा कुशवाहा ने भी बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। उन्हें नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में सदस्यता दिलाई गई।

****

लोकसभा चुनावों को देखते हुए विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। कौशाम्बी में आज जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने डायट परिसर से मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस रैली का उद्‌देश्य सभी मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करना है। अमरोहा और पीलभीत में भी आज मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

****

मुजफ्फरनगर जिले में कल देर रात एक सिपाही ने चंदौली जिले के बैरठ निवासी और वाराणसी में सेवारत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। वाराणसी के पुलिस लाइन में तैनात आरोपी सिपाही चंद्रप्रकाश शिक्षक के साथ ही यूपी बोर्ड को हाई स्कूल परीक्षा की कॉपी जमा कराने मुजफ्फरनगर आया था। घटना के बाद शिक्षकों के संगठनों में काफी आक्रोश है। आज मुजफ्फरनगर, जौनपुर, अमरोहा समेत कई जिलों में शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। इस बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक डॉक्टर महेंद्र देव ने घटना पर दुख जताते हुए कहा है कि आरोपी सिपाही को पुलिस हिरासत में लेकर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए शासन से अनुरोध किया गया है।

****

लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रयागराज पुलिस ने एक अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह फैक्ट्री नैनी में एक जर्जर बिल्डिंग में चल रही थी। इस मामले में पुलिस ने कई असलहों को बरामद करने के साथ ही पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

****

ब्रज के विश्व प्रसिद्ध रंगोत्सव के अन्तर्गत आज बरसाना में लट्‌ठमार होली का आयोजन किया जा रहा है। लट्‌ठमार होली खेलने के लिये हुरियारे नंद गांव से बरसाना पहुंच गये हैं। हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश कर उनका स्वागत किया गया। लट्‌ठमार होली की सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मथुरा के एसएसपी शैलेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरसाना को छः जोन और पन्द्रह सेक्टरों में बांटकर चप्पे–चप्पे पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

****

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में रंग भरी एकादशी की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। रंगभरी एकादशी के दिन ही काशी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती को गुलाल लगाकर होली की शुरुआत हो जाती है। बीस मार्च को एकादशी के दिन काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत कुलपति तिवारी के आवास से बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती की चल प्रतिमा विश्वनाथ मंदिर के लिए रवाना होगी। रास्ते भर भक्त बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलेंगे। रंगभरी एकादशी की तैयारी के बारे में वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भक्तों के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए छाया के साथ पेयजल की भी व्यवस्था मंदिर प्रशासन की तरफ से की जा रही है।

****